>

Title: The Minister of Parliamentary Affairs made a statement regarding Government Business for the week commencing the 3rd March, 2008.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI): Sir, with your permission I rise to announce that the Government Business during the week commencing Monday, the 3rd of March, 2008, will consist of:-

1. Consideration of any item of Government Business carried over from today's Order Paper.

2. General Discussion on Railway Budget, 2008-09.

3. Discussion and Voting on:-

(a) Demands for Grants on Account (Railways) for 2008-09.

(b) Supplementary Demands for Grants (Railways) for 2007-08.

(c) Demands for Excess Grants (Railways) for 2005-06.

4. Discussion on the Statutory Resolution seeking disapproval of the Railways (Amendment) Ordinance, 2008 and consideration and passing of the Railways (Amendment) Bill, 2008.

**श्री हंसराज गं. अहीर (चन्द्रपुर) :** अध्यक्ष महोदय, देश के कृषि क्षेत्र में इथेनॉल उत्पादन हेतु किया गया करोड़ों रुपये का निवेश देखते हुए पैट्रोल में इसके मिश्रण को बाध्यकारी बनाने के लिए सरकार द्वारा विनियम बनाकर इसका प्रभावी अमल करने की आवश्यकता है।

सी.आई.एल. तथा इससे संलग्न सहयोगी कंपनियों द्वारा कोयला खानों के लिए किसानों से अधिगृहित की गई भूमि का विस्थापित किसानों को लाभकारी मूल्य तथा अन्यन्य लाभ सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है।

...(*Interruptions*)

**अध्यक्ष महोदय :** चार-छ: मैम्बर्स रह गए हैं। सबमिशंस हैं। मैरिट की बात नहीं है। सब्जेक्ट ही मेंशन करना है। Now, Prof. Kader Mohideen.

PROF. K.M. KADER MOHIDEEN (VELLORE): Sir, the following items may be included in the next week's agenda:-

(1) The Muslim Mohalla Jamats Marriage Registration system has to be legally approved by the Government throughout the country for the purpose of registration of marriages.

(2) The Muslim Shariat Panchayat system has to be approved as a part of our legal system to settle the family disputes and thereby prevent the huge piling of cases before the courts.

SHRI K. FRANCIS GEORGE (IDUKKI): Sir, the following items shall be included in the next week's agenda:-

1. The need to set up new Airports in Tourism destinations of the country like Idukki District in Kerala State, to facilitate the growing tourism industry in the country.

2. The need for equitable distribution of unallocated share of power to power-deficient States from Mega and Ultra Mega Power Projects in the country.

[h1]

**श्रीमती रूपाताई डी. पाटील (लातूर) :** अध्यक्ष महोदय, निम्नलिखित मामलों को अगले सप्ताह की कार्यसूची में शामिल करें :-

(1) देश के गन्ना किसानों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं का संज्ञान लेकर गन्ना उत्पादक किसानों को विशेष पैकेज देकर उन्हें लाभकारी मूल्य मिलना सुनिश्चित करने के लिये सरकार द्वारा प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है।

(2) देश के अकाल पीड़ित राज्यों में जलापूर्ति की समस्या भीषण रूप धारण कर रही है। ऐसे सभी अकाल पीड़ित राज्यों में जलापूर्ति के लिये केन्द्र सरकार राज्य सरकार को वित्तीय सहायता प्रदान कर जलापूर्ति सुनिश्चित करे।

---

MR. SPEAKER : Dr. K.S. Manoj -- not present.

**श्रीमती किरण माहेश्वरी (उदयपुर):** अध्यक्ष महोदय, अगले सप्ताह की कार्यसूची में निम्न विषयों को भी लिया जाये, जो कि बहुत महत्वपूर्ण विषय हैं:-

(1) देश की आजादी के 60 वर्ष बाद भी महिलाओं की आर्थिक, सामाजिक एवं राजनैतिक स्थिति के संबंध में चर्चा की जाये।

(2) लड़के एवं लड़की की वैवाहिक आयु कम करना। इस विषय पर भी चर्चा की जाये।

**श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) :** अध्यक्ष महोदय, निम्नलिखित विषय को अगले सप्ताह की कार्यसूची में जोड़ा जाये:-

(1) उ.प्र. में राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायत है। धन का दुरुपयोग हो रहा है। बी. पी.एल. कार्ड धारकों को रोज़गार नहीं मिल पा रहा है। उपरोक्त शिकायत पर केन्द्र सरकार अपने स्तर से जांच कराके दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करे।

(2) उ.प्र. के संसदीय क्षेत्र चायल में मुख्य रेलवे लाइन जो (एन.सी.आर.) के अंतर्गत आते हैं, इलाहाबाद, प्रतापगढ़, कौशाम्बी, फतेहपुर से चलने वाले स्टेशनों जैसे मनौरी, भरवारी, सिराथू से कानपुर औद्योगिक नगरी के लिये एम.एस.टी. पास बनवाया जाये ताकि यात्रियों को विशेष सुविधा मिल सके।

**डॉ. सत्यनारायण जटिया (उज्जैन):** अध्यक्ष महोदय, कृपया आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित दो विषय सम्मिलित करें।

(1) केन्द्र सरकार कृषि और किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिये निश्चित समयावधि में राहत देने के उपायों की घोषणा करे तथा विदेशों से खाद्यान्न आयात करने के बजाय देश के किसानों से आयातित मूल्यों पर स्वदेशी किसानों से गेहूं और खाद्यान्न की खरीदी करे।

(2) गंगा-यमुना, हिमालय के संरक्षण के लिये तथा देश की क्षिप्रा, नर्मदा सहित सभी नदियों को संरक्षित और प्रदूषण से मुक्ति के लिये समयबद्ध प्रभावी उपाय किये जायें।

MR. SPEAKER : Dr. Manoj.

SHRI KINJARAPU YERRANNAIDU (SRIKAKULAM) : Sir...

MR. SPEAKER : It is the same thing going on, Mr. Yerrannaidu. Let these submissions be over.

DR. K.S. MANOJ (ALLEPPEY) : I beg your pardon, Sir. I was not present when you called my name.

MR. SPEAKER : Yes, you should have been present in time.

DR. K.S. MANOJ : Sir, the following items may be included in the next week's Agenda:-

1. Implementation of Coastal Zone Management Notification has created great hardship to the coastal fishermen people, especially, the densely populated area of Kerala. So, I would urge upon the Government to amend the Notification.

2. Land acquisition for NHDP projects, especially, for widening the NH-47 is not realistic and not considering the social and geographic features individual States. In a country like India with diversity, uniform guidelines for all projects are not feasible. In a densely populated States like Kerala, land acquisition for NH with ROW 45 metres should be reviewed and reconsidered.

**12.04 hrs.**